# NAGAR PALIKA PARISHAD,MATHURA

## Tender Document under HRIDAY Scheme

संख्या – 05 /न0पा0प0 मथुरा/ हृदय/2016–17

दिनांक – 11-07-16

भारत सरकार की ओर से मथुरा शहर में हृदय योजना के अन्तर्गत **जनपद मथुरा में वृन्दावन परिकमा मार्ग के विकास कार्य** के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य उपरान्त मय दो वर्ष कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइविलिटी पीरीयड) हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, जो कि उ0प्र0 राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के विभागों में जो कि उ0प्र0 सरकार के 'ए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य/पैकेज का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र विक्रय/प्राप्ति कार्यालय | निविदा प्राप्ति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मथुरा | हृदय योजना के अन्तर्गत जनपद मथुरा में रमणरेती तिराहे से वृन्दावन परिकमा मार्ग का पुर्नविकास तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य | 715.55 | 12 माह | अधिशाषी अधिकारी,न0पा0प0 मथुरा एवं नोडल अधिकारी हृदय मथुरा | 01-08-2016 |

निविदा प्रपत्रों को नगर पालिका परिषद, मथुरा से निविदा मूल्य जमा करते हुए प्राप्त किया जा सकता है।
निविदा हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणी:–
किसी भी सीमा तक:– 'ए' श्रेणी संवेदक

1. (आ) निविदा प्रपत्र दिनांक 29.07.2016 दोपहर 2 बजे तक कार्यालयीन समय में क्रय किये जा सकते है।
   (ब) निविदा प्रपत्रों को दिनांक 01.08.2016 दोपहर 1.00 बजे तक जमा करायी जा सकेगी एवं उसी दिन निविदा नोडल अधिकारी, हृदय मथुरा तथा मुख्य विकास अधिकारी मथुरा के कार्यालय में दिनांक 01.08.2016 को दोपहर 3.00 बजे खोली जायेगी।
   (स) यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है, तो अगले कार्यदिवस में उसी समय व उसी स्थान पर निविदाऐं खोली जायेगी।
   (द) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती है, तो उसके अगले कार्य दिवस में शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।
2. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं के वित्तीय निविदा प्रपत्र नोडल अधिकारी, हृदय मथुरा द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, मथुरा के कार्यालय में खोली जायेगी, जिसके लिए समय एवं दिनांक अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मथुरा द्वारा सूचित कर दिया जायेगा।
3. उपरोक्त कार्य की निविदा शुल्क रु0 2000.00 + 5%VAT डिमांड ड्राफ्ट अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मथुरा के नाम पर जमा करते हुए प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता,प्लान स्पेसिफिकेशन्स,ड्राइंग्स विभिन्न कार्यो की मात्रा एवं दरों का विवरण,नियम शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है।
4. निविदादाता द्वारा निविदा में अंकित कार्य की धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमा कराते हुए अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद,मथुरा के समक्ष एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में बन्धक रखनी होगी।
5. वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (open) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापिस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि नियमानुसार जब्त कर ली जायेगी।
6. यदि नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नी) कार्य से सम्बन्धित वृत अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पद पदस्थापित हो , तो उस कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।
7. तकनीकि निविदा व वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में रखी जायेगी। तत्पश्चात दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में रखे जायेंगे। निविदा की धरोहर राशि से सम्बन्धित एफ.डी.आर./एन.एस.सी. तकनीकि लिफाफे में रखी जायेगी। छोटे लिफाफों पर तकनीकि निविदा/वित्तीय निविदा तथा फर्म का नाम उल्लेखित होगा तथा बड़े लिफाफे पर सिर्फ फर्म का नाम उल्लेखित होगा।



अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मथुरा

8. राज्य सरकार मे किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजिनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवानिवृत्ति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप मे कार्य नहीं कर सकेंगे। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई एसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदकों के यहॉ सेवायें लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार नोडल अधिकारी/सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। पी.डब्ल्यू.डी. की समस्त शर्ते माननी होगी।
10. संवेदक द्वारा उक्त कार्यो के लिए निर्धारित मशीनरी जो निविदा की स्पेशल कंडीशन में वर्णित है,को स्वंय के पास अथवा किराये पर लेने का प्रमाण–पत्र देना होगा।
11. उक्त कार्य हेतु बिड डॉक्यूमेन्ट में राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के विभागों में किये गये कार्यो का अनुभव ही मान्य होगा।
12. कार्य पूर्ण करने की अवधि मे मानसून अवधि सम्मिलित है।
13. कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरीयड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात तीन वर्ष तक रहेगा।
14. उक्त कार्य हेतु नोडल अधिकारी,हदय,मथुरा का निर्णय ही अंतिम मान्य होगा।
15. यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका क्षेत्र जनपद मथुरा ही होग।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मथुरा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मथुरा

# कार्यालय–नगर पालिका परिषद्, मथुरा

संख्या – 35 /न0पा0प0 मथुरा/ हृदय/2016–17 दिनांक – 11-07-16

भारत सरकार की ओर से मथुरा शहर में हृदय योजना के अन्तर्गत **जनपद मथुरा में वृन्दावन परिकमा मार्ग के विकास कार्य** के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य उपरान्त मय दो वर्ष कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइविलिटी पीरीयड) हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, जो कि उ0प्र0 राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के विभागों में जो कि उ0प्र0 सरकार के 'ए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य/पैकेज का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र विक्रय/प्राप्ति कार्यालय | निविदा प्राप्ति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मथुरा | हृदय योजना के अन्तर्गत जनपद मथुरा में रमणरेती तिराहे से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग का पुर्नविकास तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य | 715.55 | 12 माह | अधिशाषी अधिकारी,न0पा0प0 मथुरा एवं नोडल अधिकारी हृदय मथुरा | 01-08-2016 |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट http:// WWW.nppmathura.com पर देखा जा सकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदक नोडल अधिकारी हृदय, मथुरा से ईमेल: heritage.mathura@gmail.com पर तथा अधिशाषी अधिकारी मथुरा से http:// WWW.nppmathura.com पर संपर्क कर सकते है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, मथुरा।

प्रतिलिपि :–दैनिक समाचार पत्र **इंडियन एक्सप्रेस** एवं **दैनिक जागरण** को इस आशय से कि उपरोक्त निविदा सूचना अपने समाचार पत्र में एक दिन न्यूनतम स्थान पर प्रकाशित कराते हुए प्रकाशित अंक की दो प्रतियों के साथ बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, मथुरा।